तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# रतन भूमि

रायपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025

12 पंचकोशी धाम कोपरा में कार्तिक पुन्नी मेले का भव्य आयोजन, महा गंगाआरती ने मोहा मन



11 गरियाबंद का मैनपुर बना मक्का उत्पादन का गढ़





## खबर संक्षेप

### गरियाबंद से हटाए गए सहायक प्रबंधक

**राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित नया रायपुर से जारी एक आदेश के तहत प्रबंध संचालक किरण कौशल ने विभाग के 15 प्रबंधक,उप प्रबंधक ,सहायक प्रबंधक को 3 नवंबर को जारी एक आदेश के तहत हटा दिया है। जिसमें गरियाबंद जिला विपणन के चर्चित सहायक प्रबंधक अमित चंद्राकर भी शामिल है। इन्हें गरियाबंद से बिलासपुर स्थानांतरित किया गया है। इस अधिकारी को हटाए जाने से जिले के सभी सोसायटियो के अध्यक्षो ने प्रसन्नता जाहिर किया है। जिले के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने बताया कि इसको गरियाबंद से हटाने संबंधी शिकायत कलेक्टर से लेकर विभागीय स्तर पर उच्चलेवल में की गई थी। काफी लंबे समय से इस सहायक प्रबंधक के खिलाफ जिले में नाराजगी का वातावरण था। इसे हटाने से महासंघ के पदाधिकारियो तथा सभी सोसायटियो के अध्यक्षो ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शासन का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि इनके स्थान पर जिला विपणन कार्यालय रायपुर से सहायक प्रबंधक किशोर चंद्रा का स्थानांतरण गरियाबंद हुआ है।

### एक सप्ताह में नगर में हुईं चार चोरियां, जांच जारी

**अभनपुर।** बीते एक सप्ताह में अभनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चार अलग-अलग चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। पहली घटना राज्योत्सव स्थल ग्राम तूता की है, जहां मनीष साहू, जो जल संसाधन विभाग राजिम में कार्यालय चौकीदार के पद पर पदस्थ हैं,1 नवंबर को अपनी ड्यूटी के दौरान अपनी हीरो एक्सट्रीम मोटरसायकल (सीजी 05 एएस 0410) पार्किंग नंबर पी 6 में खड़ी कर गए थे। शाम को लौटने पर उन्होंने पाया कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। दूसरी चोरी की घटना ग्राम बिरोदा की है। प्रार्थी हुलास साहू, जो जनरल स्टोर्स संचालित करते हैं, जानकारी अनुसार 2 नवंबर को उन्होंने अपनी ड्रीम युगा (सीजी 04 एलपी 3959) बाइक घर के पास खड़ी की थी, जो सुबह उठने पर गायब मिली। बाइक की कीमत लगभग 15 हजार रुपये आंकी गई है। तीसरी रिपोर्ट फिर से राज्योत्सव स्थल तूता से सामने आई है। आमीन कुरैशी, जो कलिंगा यूनिवर्सिटी कोटनी में काउंसलर हैं जिनके रिपोर्ट अनुसार 2 नवंबर को उन्होंने अपनी टी.वी.एस. विक्टर (एमपी 05 एमटी 2143) बाइक पार्किंग पी 5 में खड़ी की थी, जो कुछ ही घंटों बाद चोरी हो गई। बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपये है। चौथी बड़ी चोरी की वारदात गातापार से सामने आई है। कन्हैया मंडल, जो शिक्षक हैं, परिवार सहित 25 अक्टूबर को घूमने दंतेवाड़ा गए थे,28 अक्टूबर लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और नकदी 19 हजार रुपये, सोने के दो जोड़ी पैंडल, पांच जोड़ी चांदी के पायल सहित कुल 64 हजार रुपये के आभूषण और नकदी चोरी हो चुके हैं।

# धान कटाई में जुटे किसान, अंचल के खेतों में फिर लौटी रौनक

गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

बीते दिनों हुई लगातार बारिश और तूफानी मौसम के बाद अब आसमान पूरी तरह साफ हो गया है। मौसम के खुलते ही खेतों में फिर से रौनक लौट आई है। किसान अब पूरी ताकत के साथ धान कटाई में जुट गए हैं। हरुना किस्म के धान तो करीब पखवाड़ेभर पहले ही कटाई के लायक हो गए थे, लेकिन बारिश और गीली जमीन के कारण काम रुका हुआ था। कई किसानों ने जो पहले ही कटाई शुरू कर दी थी, उनका धान खेतों में सड़ने लगा था। अब जब आसमान साफ है, तो अंचल में धान कटाई ने रफ्तार पकड़ ली है। जमीन अभी भी नम होने के कारण अधिकांश किसान पारंपरिक तरीके से हाथों से धान काट रहे हैं। दरांती लिए खेतों में उतरे किसान और श्रमिक महिलाएं अब हर ओर नजर आ रही हैं।

**मौसम खुलते ही हाथों में हंसिया लेकर किसान खेतों में उतरे, खेतों में गूंजने लगी स्वर लहरी**



**चेन हार्वेस्टर से भी कटाई में तेजी**

जिन खेतों में गीलापन थोड़ा कम है, वहां किसान चेन हार्वेस्टर मशीन की मदद से तेजी से कटाई कर रहे हैं। इससे मजदूरों की कमी का समाधान भी हो रहा है और समय की बचत भी। अंचल के खेतों में अब हर ओर सुनहरे धान की बालियां झूम रही हैं। किसान अपने परिश्रम से खेतों को फिर से जीवन दे रहे हैं। यह दृश्य न केवल अन्नदाता की मेहनत का प्रतीक है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धड़कन भी।

ग्राम बारूका में महिलाओं के समूह हाथों से धान काटते हुए मिले। उन्होंने बताया, "धान पहले से कटाई लायक था, लेकिन बारिश के कारण काम पीछे चला गया। अब मौसम ठीक है तो हाथ से ही कटाई कर रहे हैं।"

**ग्राम पोंड और पाण्डुका में किसान कर रहे अद्भुत मेहनत :** ग्राम पोंड और पाण्डुका में किसान निरंजन साहू, दिनेश साहू और द्रोण साहू जैसे कृषक अर्ली किस्म अदभुत धान की कटाई के बाद बीड़ा बांधने के काम में जुटे हैं। खेतों में उनकी मेहनत देखने लायक है। ग्राम सरकंडा में बुजुर्ग महिलाएं सड़क किनारे सुपा लेकर पारंपरिक ढंग से धान की सफाई करती दिखीं। उन्होंने बताया कि "धान की मिंजाई थ्रेसर मशीन से हो गई थी, लेकिन कुछ धान में बोदरा आ गया था, उसे साफ कर रहे हैं।" हवा के साथ उड़ते भूसे के बीच उनका यह काम ग्रामीण परिश्रम और आत्मनिर्भरता की झलक देता है।

## त्रिवेणी संगम पर पैदल और झूले के माध्यम से पहुंची भीड़

# कार्तिक पूर्णिमा पर राजिम नदिया मड़ई में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को तीन नदियो के संगम क्षेत्र राजिम में लगे नदिया मड़ई में इस बार जनसैलाब उमड़ पडेनाथ के दर्शनार्थियों की अपार भीड़ श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में पूजा करने सुबह से लेकर देर रात तक तांता लगा रहा। इस बार नदी के बीच से पैदल चलते हुए और लक्ष्मण झूला से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते रहे। नदी का लंबा चौड़ा भाग दर्शनार्थियों और पिकनिक मनाने वालो से भरा रहा।

- नदी में दीपदान और आंवला भात की परंपरा ने आकर्षित किया जनसमूह

बताना लाजिमी है कि सैकड़ो साल से नदिया मड़ई की परंपरा राजिम में चली आ रही है। राजिम के बाद अब इधर समूचे अंचल में मड़ई मेले की शुरूआत हो जाएगी। दर्शन करने वाले शिवभक्त, श्रद्धालुजन तो थे ही इसके अलावा महिलाएं,युवतियां बड़ी संख्या में शामिल थी।

मंदिर परिसर में दर्शनार्थियो को बाकायदा लाइन में लगकर भोलेनाथ का दर्शन मिल रहा था। कार्तिक पूर्णिमा को देखते हुए श्री राजीव लोचन एवं भोलेनाथ का बहुत ही आकर्षक श्रृंगार फुलो की पंखुड़ियो से किया गया था। चारो ओर दीये जल रहे थे। इस दिव्य दृश्य को देखकर हर वर्ग के श्रद्धालु काफी हर्षित थे।







**राजिम मड़ई परंपरा का पौराणिक महत्व**

पौराणिक किवदंती है कि यहां पर भगवान श्रीराम के वनगमन के समय माता सीता ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन रेत से शिवलिंग बनाकर पूजा-अर्चना की थी, तब से यह परम्परा चली आ रही है। इस परंपरा को श्रद्धालुजन एवं भोलेनाथ के भक्त बखूबी निभाते आ रहे हैं। पूरे कार्तिक माह भर तड़के 4 बजे नदी में डुबकी लगाने वाले

**आस्था और श्रद्धा के साथ लोग निभा रहे परंपरा**

पूरे छत्तीसगढ़ में मेले मड़ई की शुरूआत भगवान श्री राजीव लोचन की नगरी राजिम से होती है। कार्तिक पूर्णिमा को तीन नदियों के बीच में बड़ा मेला लगता है। कई हजारो-हजार लोग भोलेनाथ का दर्शन और पूजा करने राजिम पहुंचते है। इस बार भी आस-पास के कई जिलो से बड़ी संख्या में लोग राजिम पहुंचे। यहां त्रिवेणी संगम की तीनो धार पैरी,सोढ़ुर और महानदी की हल्की धार में डुबकी लगाकर दीपदान कर भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव की पूजा किए। यह सिलसिला तड़के 4 बजे से लेकर देर रात तक चलता रहा। मेले के दौरान नदी के खुले रेत में लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ खूब इंजाय किए। दरअसल छत्तीसगढ़ में पूरे कार्तिक माह में अलसुबह सूर्योदय के पूर्व स्नान एवं महादेव की पूजा करने की परंपरा एक लंबे समय से चली आ रही है। इस परंपरा को आज भी आस्था और श्रद्धा के चलते लोग निभाते चले आ रहे है। खासतौर से ग्रामीण अंचल में महिलाओं और युवतियों की इसमें ज्यादातर भागीदारी होती है। पूरे माह भर स्नान और पूजा पाठ का अंतिम दिवस पूर्णिमा को ही माना जाता है। अतएव लोग बहुत ही श्रद्धा के साथ पूर्णिमा स्नान के लिए राजिम पहुंचते है। राजिम नदिया मड़ई की उत्सुकता पहले से ही बनी हुई थी।सो भोलेनाथ की पूजा करने के साथ ही मड़ई में जनसैलाब उमड़ पड़ा।

श्रद्धालुजन कार्तिक पूर्णिमा के साथ ही इसकी पूर्णाहुति आंवला पेड़ के नीचे आंवला भात खाकर पूरा करते हैं। पूर्णिमा के अवसर पर राजिम संगम की धार में तड़के नहाने वालों की भीड़ बनी रही। भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने तड़के सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का रैला लगा हुआ था।शिवभक्तों ने नदी की धार में दीपदान भी किया।कार्तिक पूर्णिमा का यह दृश्य दशकों पहले लगते चले आ रहे माघी पुन्नी मेले के ओरिजनल दृश्य की भांति नजर आ रहा था। हर कोई रेत में चलते हुए भोलेनाथ के दरबार तक पहुंच रहे थे। पैदल चलने में हर किसी को बहुत ही आनंद आ रहा था। लोग याद भी कर रहे थे कि पहले का माघी पुन्नी मेला ऐसा ही लगता था। भारी भीड़ के चलते कुलेश्वर मंदिर के नीचे सीढ़ियों से लेकर ऊपर चबूतरा तक भक्तों को ▶▶| शेष पेज 10 पर

# राज्योत्सव में आम नागरिकों को मिला स्वास्थ्य लाभ



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद में 2 से 4 नवम्बर तक आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में आम नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर लगाया गया, जिसका व्यापक लाभ नागरिकों को मिला।

- मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के मोबाइल मेडिकल यूनिट में 314 लोगों का उपचार

इस शिविर में कुल 314 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें सामान्य जांच, लैब टेस्ट एवं दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित जांच की जानकारी भी दी। राज्योत्सव परिसर में लगाए गए इस शिविर में सुबह से शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही। ग्रामीण क्षेत्रों से आए आगंतुकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर आम जनता के लिए बहुत उपयोगी हैं, जिससे उन्हें जिला अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

**अधिक से अधिक लोगों को जोड़ रहे स्वास्थ्य सेवा से**

नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं घर-घर तक पहुँचाना है। राज्योत्सव जैसे आयोजनों में इस पहल से अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा रहा है।

## मैनपुर-देवभोग क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नेहा सिंघल ने सौंपा मांगपत्र

**मैनपुर।** भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल ने राजधानी रायपुर पहुंचकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चिकित्सा मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकता किया उन्हे मांगपत्र सौपकर मैनपुर देवभोग क्षेत्र की समस्याओ का समाधान करने की मांग किया।

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से की मुलाकात

जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत देवभोग में फायर ब्रिगेड



वाहन की मांग गृहमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से किया है तो वही स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में बसा अमलीपदर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## 520 लीटर अवैध ताड़ी के साथ दो गिरफ्तार

**गरियाबंद।** अवैध शराब और मादक पदार्थों पर रोक लगाने चलाए जा रहे "नया सवेरा अभियान" के तहत गरियाबंद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना देवभोग पुलिस ने 520 लीटर अवैध ताड़ी याने छिंदरस मादक द्रव्य पदार्थ के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम खुटगांव गौठान के पास दो व्यक्ति भारी मात्रा में ताड़ी रखकर बिक्री के इंतजार में हैं। सूचना पर देवभोग थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों में के. शिवा कुम्भम पिता यादईया कुम्भम (25 वर्ष), यादईया कुम्भम पिता दशरथ कुम्भम (50 वर्ष) दोनों मूल निवासी सालीगौरम, नालगोण्डा (तेलंगाना) हैं, जो वर्तमान में देवभोग धान मंडी के पास रह रहे थे।

पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 520 लीटर ताड़ी जिसकी अनुमानित कीमत 26,000 रुपए, बिक्री रकम



1400रुपए सहित कुल 27,400 रुपए की अवैध सामग्री जब्त की। पूछताछ में दोनों आरोपी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। थाना देवभोग पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

**पहले भी पकड़ा जा चुका है एक आरोपी :** पुलिस के अनुसार, आरोपी के. शिवा कुम्भम के खिलाफ पूर्व में भी 60 लीटर अवैध ताड़ी और 6 लीटर देशी महुआ शराब के मामले में अपराध दर्ज किया जा चुका है। इस कार्रवाई में थाना देवभोग पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

## धान खरीदी से पहले कर्मचारी हड़ताल, सरकार की तैयारी पर संकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने वाली है, लेकिन उससे पहले ही सरकार के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। कृषक सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। संघ का कहना है कि वे हर साल धान खरीदी से पूर्व अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठाते हैं, पर सरकार ने अब तक उनकी मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई। इस बार कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल में समिति कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर और धान खरीदी प्रभारी सभी शामिल हैं, जिससे खरीदी की तैयारी पर सीधा असर पड़ने लगा है।

- कृषक सहकारी समिति कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**जिम्मेदारी पूरी, पर वेतन आधा :** कर्मचारी संघ के सदस्यों ने बताया कि धान खरीदी के दौरान अगर किसी भी स्तर पर धान में कमी पाई जाती है तो उसकी जिम्मेदारी समिति कर्मचारियों पर डाल दी जाती है, जबकि धान का उठाव समय पर न होने की वजह से नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि पहले कर्मचारियों को 12 माह का वेतन दिया जाता था, लेकिन अब सरकार केवल 6 माह का भुगतान कर रही है। इसके अलावा संघ ने सरकार से सीधी भर्ती शुरू करने और आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने की भी मांग की है।

**धान खरीदी प्रक्रिया पर खतरा :** धान खरीदी के लिए राज्य सरकार ने 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक की अवधि तय की है। खरीदी की अंतिम तिथि के बाद मार्कफेड द्वारा एक माह के भीतर मिलर और परिवहनकर्ताओं ▶▶| शेष पेज 10 पर

**संघ की अन्य प्रमुख मांगों में हैं शामिल**

प्रदेश की प्रत्येक सहकारी समिति को कर्मचारियों के वेतन हेतु प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए, जैसा मध्यप्रदेश में किया जा रहा है। कांडे कमेटी की अनुशंसा रिपोर्ट और सेवानियम 2018 संशोधन में भविष्य निधि, महंगाई भत्ता, ईएसआईसी आदि का प्रावधान किया जाए। सूखत की समस्या का समाधान किया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि विगत वर्ष शासन ने सूखत प्रावधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## गरियाबंद में हर्षोल्लास से हुआ राज्योत्सव समारोह का समापन

# राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस का तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का समापन आज स्थानीय गांधी मैदान में गरिमामय वातावरण में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी उपस्थित रहीं। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चन्दूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रिखीराम यादव मंचासीन थे। इस दौरान कलेक्टर बी.एस उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चन्द्राकर सहित अधिकारीगण, मीडियाप्रतिनिधि, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

- विभागीय प्रदर्शनी से मिला आम जनता को योजनाओं का लाभ

सांसद श्रीमती चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि






राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होना हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि 1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की ऐतिहासिक देन है। उनके संकल्प और दूरदृष्टि से यह प्रदेश आज विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष हम राज्य निर्माण की रजत जयंती मना रहे हैं। 1 नवम्बर को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के छत्तीसगढ़ आगमन से पूरा प्रदेश गौरवान्वित हुआ है। प्रधानमंत्री द्वारा दी गई दिशा और नीतियों से प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जा रही है। लोग प्रदर्शनी में जाकर योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, जिससे धरातल तक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज जनता जागरूक है और मोदी जी के नेतृत्व में देश, प्रदेश और गांव आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चन्दूलाल साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने विकास के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँच रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन और आयोजन समिति को उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई दी। नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव ने नगरवासियों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरे नगर ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया, यह गरियाबंद के लिए गर्व का विषय है। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि राज्योत्सव केवल उत्सव नहीं बल्कि जनभावनाओं ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### सिन्हा समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती



**नवापारा-भेण्डरी।** राजिम-भेण्डरी में कलार सिन्हा समाज द्वारा सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम सिन्हा समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का ग्रामवासियो ने जगह-जगह स्वागत किया। सामाजिकजनो ने समाज को एक सूत्र में बंधे रहने का संदेश दिया। जयंती समारोह में समाज के अध्यक्ष केवल सिन्हा, पुनीत सिन्हा, श्याम सिन्हा, शत्रुघ्न सिन्हा, नीलकंठ सिन्हा, कोमल सिन्हा, लक्ष्मण सिन्हा, बन्धु सिन्हा सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे।

### श्री राधाकृष्ण मंदिर में दूसरे दिन भी भोज में भारी भीड़



**नवापारा-राजिम।** श्री राधाकृष्ण मंदिर शताब्दी महोत्सव में दूसरे दिवस भी भोज प्रसादी कार्यक्रम में कोई 2500 लोगो ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया जिसमें विशेष रूप से श्वेतांबर, दिगम्बर जैन समाज, माहेश्वरी, अग्रवाल समाज, गुजराती समाज, गुप्ता समाज एवं महासमुंद, अspan>, जगदलपुर, टाटानगर से पधारे अतिथियों का तिलक वंदन कर दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया।



## जवाहर नवोदय विद्यालय पांडुका से निकाले गए रसोईया और स्वीपर

# रसोईया और सफाई कर्मियों की अचानक बर्खास्तगी, रोजी-रोटी पर आया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

दीपावली के बाद से जवाहर नवोदय विद्यालय, पांडुका में कार्यरत रसोईया और सफाई कर्मियों को अचानक काम से निकाल दिए जाने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मंगलवार को सिद्ध मनोकामना हनुमान मंदिर के पास बैठे प्रभावित कर्मचारियों ने अपनी व्यथा इस संवाददाता को सुनाई।

पीड़ितों में चोवाराम साहू 55 वर्ष, पथर्रा, टानिक राम साहू 44 वर्ष, पोंड पांडुका, पवन सतनामी (53 वर्ष, राजिम), कुंती पटेल (40 वर्ष, पांडुका), गोपाल सोनकर (30 वर्ष, राजिम) और छबिलाल चक्रधारी (30 वर्ष, पांडुका) शामिल हैं। इन सभी का कहना है कि कोई चार साल से, कोई तीन या दो साल से विद्यालय में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। अब अचानक कार्य से मुक्त कर दिए जाने से परिवार की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है।



### कर्मियों का आरोप

कुंती पटेल ने बताया कि वह पिछले चार वर्षों से स्वीपर के पद पर थी और उसी आय से अपने तीन बच्चों का पालन-पोषण कर रही थी। दीपावली के बाद से उन्हें विद्यालय में नहीं बुलाया गया। पवन सतनामी ने कहा मैं साढ़े तीन साल से झाड़ू-पोछा का काम कर रहा हूं। मेरी उम्र 53 साल है, अब नया काम कहां मिलेगा? वर्षों तक सेवा देने के बाद अचानक निकाल देना गलत है। कर्मियों के अनुसार, विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य महिमा सिन्हा ने यह कहते हुए उन्हें कार्य से मुक्त कर दिया कि अभी काम नहीं है, जब जरूरत होगी तो बुलाया जाएगा। सभी प्रभावित कर्मचारी अपनी शिकायत लेकर जिला कलेक्टर भगवान सिंह उइके के पास गरियाबंद पहुंचे और आवेदन सौंपा। कलेक्टर ने इन्हें बताया कि ठेकेदार के बदल जाने के कारण पुराने कर्मचारियों को नहीं बुलाया जा रहा है। कर्मियों ने आरोप लगाया कि यह निर्णय अनुचित है और प्रभारी प्राचार्य ने बिना कारण उन्हें हटा दिया है। उन्होंने पुनः काम पर रखने की मांग की है। कर्मियों ने बताया कि वे रोजाना 12 से 15 घंटे तक काम करते थे। चोवाराम साहू ने कहा, कि सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक काम करते थे। किसी भी तरह का काम दिया जाता था, हम करते थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि काम के दौरान उन्हें गालियां दी जाती थीं और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था, फिर भी उन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाई। प्रभावित कर्मियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि उन्हें पुनः कार्य पर रखा जाए ताकि उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधर सके। उनका कहना है कि लंबे समय से सेवा देने वाले कर्मचारियों को अचानक हटाना मानवीय दृष्टि से भी अनुचित है।

## वायु सेना के शानदार स्टंट व करतब देख देश सेवा के लिए युवा होंगे तैयारः विजय





**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती वर्ष के समापन दिवस पर बुधवार को सेंध लेक में भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण ऐरोबेटिक टीम और आकाश गंगा पैराटूपर टीम के शानदार करतब भरे कार्यक्रम के आयोजन के लिए नगर पालिका नवापारा के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि सांसद बृजमोहन के प्रयास व आग्रह से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बातचीत के बाद भारतीय वायुसेना के पराक्रम और साहस से भरा यह देशभक्ति व जोश से भरा कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। यह अनूठा आयोजन लगभग 16 वर्षो बाद हुआ हैं, जिसका लुत्फ महिला, पुरुष, बच्चे सहित हर वर्ग के लोगो ने उठाया। कार्यक्रम में सभी ने भारतीय वायु सेना का हजारों फीट की ऊंचाई में जाकर साहस, बहादुरी ,जोश का जो शानदार स्टंट व करतब देखा वह वाकई ही अदभुत था। हम सभी को अपनी वायु सेना पर गर्व हैं, जो आकाश में अपनी पराक्रम से दुश्मनो को सबक सिखाने में सक्षम हैं। उपस्थित हजारों युवा भी इस शानदार करतब से प्रेरणा लेंगे और आगामी दिनों में भारतीय वायु सेना का हिस्सा बनकर देश सेवा के लिए तैयार होंगे। उन्होंने इस आयोजन के लिए रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

फोटो नं 16 एवं विजय गोयल

## कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने चैतरा में किया सूचना केंद्र का उद्घाटन

### किसान और ग्रामीण अब सूचना केंद्र के माध्यम से कृषि तकनीक और योजनाओं से होंगे लाभान्वित





**फिंगेश्वर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र,फिंगेश्वर,गरियाबंद में बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छो ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम (रावे ) के तहत ग्राम चैतरा में किसानों एवं ग्रामीणों के लिए सूचना केंद्र का उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के समन्वयक लेखराम वर्मा द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रें को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती गणेसिया साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के. आर. वर्मा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिशंकर सुमेर,प्राथमिक शाला के शिक्षक और महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।छात्रें द्वारा स्थापित सूचना केंद्र का उद्घाटन किया गया।

**विद्यार्थियों ने किया लोक नृत्य**

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र एवं छात्रओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति को दर्शाने का प्रयास किया। छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया था।इस केंद्र के माध्यम से छात्रें को ग्रामीण जनों और किसानों से मुलाकात कर कृषि संबंधी जानकारी और तकनीक के ज्ञान को साझा करने का अवसर प्राप्त हुआ।इस सूचना केंद्र के माध्यम से किसान अपने कृषि कार्य में आने वाली समस्याओं का समाधान भी प्राप्त कर सकते है। के. आर. वर्मा एवं हरिशंकर सुमेर द्वारा कृषि विभाग के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में कृषकों एवं छात्रें को जानकारी उपलब्ध कराई गई।

### पौधारोपण से हुआ कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंत में ग्राम परिसर में मुख्य अतिथि द्वारा वृक्षारोपण उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।इस कार्यक्रम के आयोजन से छात्रें को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और कृषि क्षेत्र में अपने कौशल को विकसित करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही,यह कार्यक्रम क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र गरियाबंद के अधिकारी, कर्मचारी,चतुर्थ वर्ष के छात्र और छात्रएं उपस्थित थे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिये।

## चित्रकला, लोकगीत और कविता से गूंजा शिक्षा संकाय का प्रांगण



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी, उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा, खेल प्रभारी डॉ. शि व कु मा र पा ण्डे य , का य र्क्र म प्रभारी प्रो. न य ना पहाड़िया व का य र्क्र म संयोजिका व संचालिका प्रो. प्रीति शाह उपस्थित रहे।

> ■ फूलचंद अग्रवाल कॉलेज में मनाई गई छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूवात छत्तीसगढ़ महतारी व सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती केवल बीते 25 वर्षों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे राज्य की सामूहिक उपलब्धियों और भविष्य की आकांक्षाओं का प्रतीक है। उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती केवल एक पड़ाव नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक यात्रा और प्रगति का प्रतीक है। 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, संस्कृति और औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं।



**इन्होंने दी प्रस्तुति :** इन कार्यक्रमों में लोकगीत (सुवा, कर्मा, ददरिया, पंथी), कविता, भाषण, पहेली, चित्रकला इत्यादि में क्रमशः पूनम देवी, गोपेश साहू, योगेन्द्र, चांदनी गायकवाड़, खुशबू लता, खिलेश्वरी भारती, वर्षा, रश्मि व अवंतिका दीवान इत्यादि ने प्रस्तुति दी।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में डॉ. सारिका साहू, प्रो. तरूण साहू, प्रो. चंद्रहास साहू, प्रो. अखिलेश शर्मा, डॉ. संतोष शर्मा, ज्ञानप्रकाश साहू, प्रशिक्षु शिक्षकों में दीपक साहू, उमाशंकर साहू, मनीष, मेघा कंवर, राहुल पटेल, लालचंद साहू, गुलशन निषाद सहित बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजिका व संचालिका प्रो. प्रीति शाह रहीं। कार्यक्रम का संचालन जॉनसन साहू व मोनिका साहू ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. नयना पहाड़िया ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य /"छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा/" को बताते हुए आभार प्रदर्शन किया।

## नितिन नबीन फिर बांकीपुर विधानसभा में चुनावी मैदान में



**राजिम।** छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन बिहार विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बांकीपुर विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। दो चरणों में हो रहे चुनाव का पहला चरण 6 नवंबर जबकि दूसरा चरण 11 नवंबर को है। श्री नबीन की सीट पर प्रथम चरण में मतदान होना है। उनके चुनाव प्रचार में छत्तीसगढ़ सरकार के कई मंत्री व विधायकों ने प्रचार किया और चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान के 48 घंटे पहले बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र छोड़ छत्तीसगढ़ लौट आये।

इसी कड़ी में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन भी बांकीपुर पहुंचे और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में श्री नबीन के साथ उनके क्षेत्र में दिन-रात चुनाव प्रचार करते रहे । इस दौरान देवांगन ने क्षेत्र के लोगों को भाजपा की डबल इंजन सरकार के फायदे बताते हुए एक बार फिर से ठऊअ की डबल इंजन सरकार बनाने की अपील करते हुए श्री नबीन की राजनीतिक कुशलता की प्रशंसा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार की 5 साल बाद वापसी करवाने में श्री नबीन की महती भूमिका रही है ।वे न केवल एक सशक्त राजनेता हैं बल्कि जनहितैषी भी हैं ।एक आम आदमी के साथ वे विधायक या मंत्री की जगह एक आम आदमी की तरह ही पेश आते हैं । एक अनुभवी विधायक बनने के आम जनता के लिए कई फायदे हैं और अगर वो नेता श्री नबीन हों तो फिर क्षेत्रवासियों के लिए सोने पे सुहागा वाली बात होगी ।

### नबीन के पक्ष में भारी मतदान की करी अपील

देवांगन ने लोगों से बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के क्रम को अनवरत आगे बढ़ाने व खुद के कल्याण के लिए श्री नबीन के पक्ष में भारी मतदान कर उन्हें प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील की । चुनाव प्रचार के दौरान किशोर को अपने पक्ष में ईमानदारी से दिन-रात करते हुए प्रचार करते देख श्री नबीन, किशोर की ऊर्जा और लोगों के साथ जुड़ाव की क्षमता को देखकर काफी खुश हुए और किशोर के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विधायक ने दी बधाई

**नवापारा-राजिम।** इन दिनो पूरे छत्तीसगढ़ में साहू समाज का चुनावी दौर चल रहा है। सामाजिक लोग इसमें जबर्दस्त रुचि भी ले रहे है। जानकारी के मुताबिक प्रदेश का चुनाव समन्वय से बना वहीं तहसील अभनपुर परिक्षेत्र चुनाव में पेनल तैयार कर चुनाव हो रहे हैं। अभनपुर क्षेत्र के सभी नेता इसमें रुचि भी लेते है और अपने पेनल को जिताने के लिए मेहनत भी करते है क्योंकि सामाजिक शक्ति का महत्व विधानसभा चुनाव में भी दिखता है।

तहसील साहू संघ के अन्तर्गत परिक्षेत्र पिपरौद के अध्यक्ष पारसमणी साहू ,उपाध्यक्ष भूमिका साहू, उपाध्यक्ष हेमन्त साहू, संगठन सचिव शिवकुमार साहू, संगठन सचिव भोजकुमारी साहू विजयी रही। थनौद में अध्यक्ष पद पर तुलाराम साहू, उपाध्यक्ष राकेश साहू, महिला उपाध्यक्ष डामिन साहू, संगठन सचिव कुलेश्वरी साहू एवं संगठन सचिव पद पर मोहित साहू विजयी हुए। सभी विजयी प्रत्याशी विधायक इन्द्रकुमार साहू से मिलने पहुंचे।




**पदाधिकारियों को दी गई जीत की बधाई :** विधायक श्री साहू ने इन पदाधिकारियों को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौजूद सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विधायक कार्यालय में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, तामासिवनी मंडल अध्यक्ष तोषण साहू, निर्मल साहू, परदेशीराम साहू,राघवेंद्र साहू, ईश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। इन पदाधिकारियो को विधायक श्री साहू सहित मौजूद समाज के लोगो ने समाज का सेवा भाव से करने का सुझाव दिया।

## पेज 9 के शेष

### कार्तिक पूर्णिमा पर राजिम...

कतारबद्ध होकर दर्शन करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि जब-जब कोई पर्व होता है, तब-तब भोलेनाथ के दर्शनार्थियों की भारी भीड़ कुलेश्वर महादेव के मंदिर में लगता है, लिहाजा व्यवस्था को बनाने के लिए पुलिस के जवान तैनात रहते हैं।
**लोगों ने लिया मेले का आनंद :** पुन्नी मेले का आनंद लोगों ने कई तरह का लिया। मसलन आंवला भात खाने की परंपरा का बखूबी निर्वहन किया। लोमष ऋषि आश्रम क्षेत्र एवं नदी के बड़े भाग पर सैकड़ों टोलियां अलग-अलग जगहों और पेड़ के नीचे बैठकर आंवला भात खाए। ईधर नदी के लम्बे-चौड़े भाग में लोगों को खूब इंजॉय करते देखा गया।यहां का दृश्य हर किसी को सुकून प्रदान करने वाला रहा। दोपहर से लेकर देर रात तक इंजॉय करने वालों की भीड़ कई हजारों की संख्या में बनी रही। नदी के बीच हर तरह की दुकानें सजी हुई थी।

### मैनपुर-देवभोग क्षेत्र की...

की स्थिति बेहद खराब है दूरी अधिक होने के कारण ग्रामीणों को इलाज के लिए आने जाने में दिक्कत होती है। अमलीपदर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स रे मशीन लगाने की मांग किया है एवं देवभोग नदी उस पार 36 गांवो के लिए एंबुलेंस 102 की मांग की है साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दीवानमुड़ा एवं सुपेबेड़ा में विद्युत की समस्या बनी हुई है जिसके कारण सौर प्लेट बैटरी लगाने की मांग किया है। मंत्री द्वारा उक्त मांगो पर जल्द कार्यवाही करने की बात कही है।

### धान खरीदी से पहले...

से धान उठाव कराने का प्रावधान किया गया है। लेकिन, समिति कर्मचारियों की हड़ताल के चलते चरौदा, बेलर, परसदाकला, बोरसी ,जामगांव सहित कई समितियों में कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। ऐसे में आशंका है कि शुरुआती चरण में ही धान खरीदी की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। संघ ने बताया कि आंदोलन का पहला चरण 3 से 11 नवंबर तक बेमियादी हड़ताल रहेगा और 12 नवंबर से कैबिनेट के निर्णय तक आंदोलन जारी रहेगा। इस हड़ताल में केवल समिति कर्मचारी ही नहीं, बल्कि कंप्यूटर ऑपरेटर भी शामिल हैं, जिससे उचित मूल्य की दुकानें भी प्रभावित हो रही हैं।
**सरकार के लिए बड़ी चुनौती :** धान खरीदी राज्य सरकार के लिए सबसे बड़ी वार्षिक प्रक्रिया है, जिसमें लाखों किसान जुड़े हैं। ऐसे में समितियों की हड़ताल ने सरकार की तैयारियों पर सवाल खड़ा कर दिया है। अब देखना यह होगा कि सरकार कर्मचारियों से बातचीत कर समाधान निकाल पाती है या नहीं, क्योंकि अगर स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो धान खरीदी की शुरुआत से पहले ही संकट के बादल मंडराने लगेंगे।

### राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की...

का उत्सव है, जिसने प्रदेश की परंपरा, लोककला और लोकनृत्य को जीवंत किया है।
**स्टाल का किया अवलोकन :** जिला स्तरीय राज्योत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में प्रदर्शित योजनाओं, उत्पादों और नवाचारों की जानकारी ली तथा अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक का वितरण भी किया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। सांसद श्रीमती चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत दो हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी।
**बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन :** इस दौरान स्कूली बच्चों एवं लोक कलाकारों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, गीत-संगीत एवं समूह नृत्य ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। वहीं लोक कलाकारों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों पर शानदार नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।
**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, आशीष शर्मा, सुरेन्द्र सोनटेके, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, लेखराम यादव, आसिफ मेमन, भीम निषाद, सुमीत पारख, सूरज सिन्हा, अमित बखारिया, धनराज विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्रशासन की तत्परता से हड़ताल का समाधान, सैकड़ों मजदूरों ने जताया एसडीएम का आभार

# कुंडेल भाठा में ठेका श्रमिकों को 10 माह का लंबित ईपीएफ हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जिले के धान संग्रहण केंद्र कुंडेल भाठा में कार्यरत ठेका श्रमिकों को आखिरकार उनकी 10 माह से लंबित ई.पी.एफ. राशि का भुगतान मिल गया है। यह संभव हो सका है एसडीएम विशाल महाराणा की पहल और तत्परता से। जानकारी के अनुसार, ठेकादार राजीव लोचन शुक्ल के अधीन कार्यरत श्रमिकों की ई.पी.एफ. राशि दिसंबर 2024 से जुलाई 2025 तक जमा नहीं की गई थी। भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने कई बार ठेकेदार, केंद्र प्रभारी और कलेक्टर तक आवेदन दिए, पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

आखिरकार, 23 जुलाई 2025 को ठेका श्रमिकों ने काम बंद हड़ताल की। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार राजिम अंजलि खलको, जिला विपणन अधिकारी अमित चंद्राकर, ठेकेदार प्रतिनिधि संदीप कोटक और श्रमिक प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि ई.पी.एफ. की पूरी राशि 22 सितंबर 2025 तक जमा की जाएगी। लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। इसके विरोध में 2 नवंबर 2025 को श्रमिकों ने पुनः हड़ताल शुरू कर दी।





### एसडीएम ने कराया निराकरण

सूचना मिलने पर एसडीएम विशाल महाराणा रात करीब 9 बजे स्वयं कुंडेल भाठा केंद्र पहुंचे और हड़ताली श्रमिकों से चर्चा की। उन्होंने तुरंत जिला विपणन अधिकारी और ठेकेदार से बात कर दो टूक निर्देश दिए कि दो दिन के भीतर भुगतान करें, अन्यथा प्रशासन सख्त कार्यवाही करेगा। प्रशासन की सख्ती के बाद ठेकेदार ने 5 नवंबर 2025 तक का समय मांगा और तय तिथि पर सभी श्रमिकों को 10 माह की ईपीएफ राशि प्रति माह 1600 के हिसाब से नकद भुगतान किया गया।

### सैकड़ों मजदूरों ने जताया एसडीएम का आभार

भुगतान प्राप्त होने पर श्रमिक संघ के अध्यक्ष लोमश यादव, जीवन साहू सहित सैकड़ों मजदूरों ने एसडीएम विशाल महाराणा का आभार व्यक्त किया और प्रशासन की पहल की सराहना की। इस मौके पर एस डी एम विशाल महाराणा, थाना निरक्षक गौतम गौवड़े, जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकार जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दूबे, तहसीलदार अंजलि खलको, पत्रकार भागीरथी सिन्हा सहित सैकड़ों कर्मचारी थे। कर्मचारियों ने कहा कि प्रशासन की तत्परता से उनकी महीनों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है।

## खबर संक्षेप

### निशानीदादर में मोबाइल कनेक्टिविटी संकट, कई सालों से हो रहा टावर का इंतजार



**रसेला।** ग्राम पंचायत देवरी के आश्रित ग्राम निशानीदादर में मोबाइल टावर न होने से मोबाइल कनेक्टिविटी में काफी परेशानियों उड़ानी पड़ती है। जिससे क्षेत्रीय लोगों को सम्पर्क साधने के साथ ही छात्रों की आनलाइन पढ़ाई में समस्या आ रही है। सरपंच त्रिवेणी बाई ठाकुर, ग्राम पटेल जतराम कमार, जोहित राम, दिलीप ठाकुर, मुकेश नेताम, तुलसराम, भोजलाल, चन्द्र कुमार ओटी, बलाराम पंचम, डायमंड, भगवान सिंह, भानुराम आदि ने बताया कि ग्रामीण आज भी मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं। कई विधायक और सरकारें बदल गई लेकिन आज तक निशानीदादर में मोबाइल टावर नहीं लग पाया है। इस गांव के सभी परिवारों के पास मोबाइल है लेकिन मोबाइल टावर नहीं है। लोगों को काल करने के लिए घर की छत उंचाई वाले स्थान या घर से बाहर दूर जाना पड़ता है तभी उनका किसी से संपर्क हो पाता है। टावर नहीं होने से कई बार आपातकाल की स्थिति में लोगों को तत्काल 108 एंबुलेंस 102 महतारी एक्सप्रेस जैसी अनेक आपातकालीन सेवाओं से हम लोग हमेशा वंचित होना पड़ता है। जिससे जान को जोखिम में डालने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यह समस्या लंबे समय से है लेकिन शासन प्रशासन, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गांव में मोबाइल टावर लगाने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। इसके साथ अन्य योजनाओं का भी लाभ लेने ग्रामीणों को मशक्कत करना पड़ रहा है। समस्त ग्रामवासीयों ने शासन प्रशासन से जल्द इस समस्या का हल करते हुए ग्राम निशानीदादर में एक प्रमुख कंपनी का टावर लगाने की मांग की है।

## निधन

### कोमल राम साहू



**राजिम।** सेम्हरतरा गांव के पूर्व जिला पंचायत सदस्य व साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के पूर्वअध्यक्ष कोमल राम साहू उम्र 92 वर्ष का निधन बुधवार दोपहर 3 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सेम्हरतरा में किया गया। वे अधिवक्ता मुरारी साहू, उमेश साहू, कृष्ण साहू, महेश साहू, लोकेश साहू एवं क्रांति साहू के पिता थे। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू, साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, सहित परिवार, समाज तथा गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे।

### लेखराम सिन्हा बोरिद



**जामगांव।** लेखराम सिन्हा निवास ग्राम बोरिद का निधन आकस्मिक दूर्घटना में हो गया। वह कॉलेज का छात्र था। गांव में अंत्येष्टि बाद में शोक सभा रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## 12 हजार 500 हेक्टेयर में हो रहा मक्का की खेती, किसानों में बढ़ा नुकसान का डर

# गरियाबंद का मैनपुर बना मक्का उत्पादन का गढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर





छत्तीसगढ़ प्रदेश में गरियाबंद जिले मक्का के उत्पादन में एक अलग स्थान रखता है आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के बिहड़ वनांचल के ग्राम नागेश, साहेबिनकछार, कोदोमाली, करलाझर, कुचेंगा, गरीबा, भाठापानी, भुतबेड़ा ऐसे इलाके है जहां किसान पिछले दो दशक से हजारो एकड़ में सिर्फ मक्का की फसल लेते है मक्का की फसल पककर तैयार हो गई है और इन दिनो तेजगति से इसकी तोड़ाई किया जा रहा है मक्के के फल को तोड़ने के बाद इसे धूप सुखाने के पश्चात थ्रेसर से इसकी मिंजाई कर बीज निकालेंगे फिर इसे अच्छे दामो पर बिक्री किया जायेगा।

- विदेशों तक जाती है मैनपुर-देवभोग क्षेत्र की मक्का, अरबों का होता कारोबार

खास खबर

क्षेत्र में इन दिनो मक्का की तोड़ाई का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है और किसानो के पास अब बिल्कुल भी समय नही है साथ ही यह मक्का की तोड़ाई और मिंजाई आगामी एक से डेढ़ माह तक चलेगा। हमारे संवाददाता शेख हसन खान ने मक्का उत्पादन वाले क्षेत्रे के ग्रामो तक पहुंचकर वास्तुस्थिति का जायजा लिया किसानो से चर्चा किया किसानो ने बताया यहां के मक्का की मांग विदेशो तक है और अरबो का कारोबार होता है इस वर्श बेमौसम बारिश आंधी तूफान से सैकड़ो एकड़ मक्का की फसल खराब भी हुए है और तो और मक्का का पेड़ फल लगने के बाद जमीन पर गिर गया है जिससे किसानो को भारी नुकसान पहुंचा है। अभी तक न तो इसकी आंकलन किया गया न ही जांच में राजस्व विभाग पहुंचा है मजबूरन अब किसान अपने फसल को सहजने और काटने में लगे हुए है।

गरियाबंद जिले भर के 5 विकासखण्ड में सर्वाधिक मक्का का उत्पादन मैनपुर व देवभोग क्षेत्र में होता है, इस बार 10 हजार से भी ज्यादा किसानों ने मैनपुर में 12 हजार 500 हेक्टेयर व देवभोग में 7 हजार हेक्टेयर में मक्का का उत्पादन किया है, हमेशा की तरह अक्टूबर खत्म होते तक 30 फीसदी मक्के का फसल कट कर तैयार हो चुका है, किसान अभी फसल कटने के बाद छोटे व्यापारियो के पास जरूरत की पूर्ति के लिए 12-13 रूपये किलो बहुत कम दाम में मक्का बेचने को मजबूर हो रहे है आने वाले दिनो में मक्का के दाम बढ़ने की उम्मीद है नही तो किसानो का लागत भी नही निकल पायेगा। छूटपूट काम के लिए किसान मजबूरी में थोड़ा मोड़ा मक्का बेच रहे है।

### किसानों के दाम बढ़ने का इंतजार

सभी बड़े किसान अभी इंतिजार कर रहे है मक्का का दाम बढ़ेगा तब इसकी बिक्री किया जायेगा इन दिनो साहेबिनकछार, कोदोमाली, नागेश, देवझरअमली, अमाड़, कुचेंगा, भाठापानी, भुतबेड़ा, मोतीपानी, मोंगराडीह, कोकड़ी, बरगांव, जुगाड़, पयलीखण्ड, जांगड़ा, कुरूभाठा के घरों आंगन से लेकर दूर दूर खेत खलिहान और गांव के गलियो चौक चौराहो चारो तरफ सिर्फ मक्का धूप में सुखते नजर आ रहा है तो वही किसान खेतो में मचान बनाकर मक्के की रखवाली कर रहे है।

### मक्का की फसल में बढी लागत पर घटे दाम

मक्का के बड़े किसान साहेबिनकछार रूपसिंह मरकाम, कोकडी के दैनिक राम मंडावी, फरसुराम, अर्जुन नायक, नागेश राम ने बताया कि खाद, दवा व लेबर दर बढ़ने से प्रति हेक्टेयर लागत ढाई से 3 हजार बढ़ गया इस हिसाब से अब किसानो को दाम नही मिल पा रहा है कई किसान मजबूरन ओड़िशा, धमतरी के व्यापारियो के पास मक्का बेचने मजबूर हो रहे है। मिली जानकारी के अनुसार भारत मे उत्पादित मक्का का 50 फीसदी, पोल्ट्री सेक्टर में खपत होता है। मैनपुर देवभोग का मक्का उत्पाद गुणवत्ता युक्त होने के कारण विशाखापटनम बन्दरगाह के जरिये म्यामार, बंगलादेश, कनाडा, मलेशिया, नेपाल तक जाता है, मंडी रिकार्ड के मुताबिक पिछले कुछ सालो में अरबो के मक्का का कारोबार हुआ है।

### क्या कहते है कृषि अधिकारी

कृषि विभाग के अधिकारी अभिनव सूर्यवंशी ने बताया मैनपुर क्षेत्र में हजारो हेक्टेयर में किसान मक्का ले रहे है और यहां के मक्का की क्वालिटी काफी अच्छा है इन दिनो किसान मक्का की कटाई कर रहे है जो पिछले एक डेढ़ माह तक चलेगा।

# सोसाइटी ऑपरेटर एवं प्रबंधकों की हड़ताल का करें तत्काल निराकरण : अभिषेक

**छुरा।** छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने सरकार से मांग की है कि समिति ऑपरेटरों एवं प्रबंधकों की जारी हड़ताल का तत्काल निराकरण किया जाए, ताकि आगामी धान खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की घोषणा की गई है, किंतु इसी बीच सोसाइटी ऑपरेटरों और प्रबंधकों का हड़ताल पर चले जाना गंभीर चिंता का विषय है। यदि सरकार ने शीघ्र ही उनकी उचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो इसका सीधा प्रभाव प्रदेश के लाखों किसानों पर पड़ेगा।



अभिषेक मिश्रा ने आरोप लगाया कि सरकार की यह सुनियोजित योजना प्रतीत होती है कि किसी न किसी बहाने से किसानों से धान खरीदी न की जाए। पहले एग्रो पोर्टल ऐप के माध्यम से हजारों-लाखों किसानों को रजिस्ट्रेशन से वंचित रखा गया, और अब ऑपरेटर एवं प्रबंधकों के हड़ताल पर चले जाने से किसानों का रजिस्ट्रेशन अधर में लटक गया है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में किसान पहले से ही अतिवृष्टि, धान में रोग संक्रमण और खाद की कमी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिससे उनकी फसलें प्रभावित हुई हैं। ऐसे समय में सरकार का यह रवैया किसानों की परेशानी को और बढ़ा रहा है।

### किसान कांग्रेस सड़कों पर उतरकर करेगी आंदोलन : प्रदेश अध्यक्ष

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि 12 नवंबर तक सरकार सोसाइटी ऑपरेटर एवं प्रबंधकों की हड़ताल का समाधान नहीं करती, तो 15 नवंबर से किसान कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। इस दौरान किसान अपने धान को लेकर क्षेत्रीय विधायकों, मंत्रियों और सांसदों के निवास या कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। अभिषेक मिश्रा ने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी परिस्थिति में धान खरीदी प्रक्रिया में अड़चन डालने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि किसानों के हित में तुरंत हस्तक्षेप कर इस हड़ताल को समाप्त करवाएं, ताकि प्रदेश के किसानों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो सके।



# शताब्दी महोत्सव में कंसारी समाज ने बांधा समा

**नवापारा-राजिम।** सेठ चतुर्भुज भागीरथ अग्रवाल परिवार द्वारा नगर को समर्पित श्री राधाकृष्ण मंदिर में मनाए जा रहे शताब्दी महोत्सव में बुधवार को नगर के कंसारी समाज के हजारों महिलाएं एवं पुरुष ढोल मृदंग, झांझ बजाते श्री राधाकृष्ण मंदिर की ओर बढ़े। मंदिर पहुंचते ही सर्वराकार मोहनलाल अग्रवाल, ट्रस्टी गोपाल गिरधारी अग्रवाल अभिषेक, नयन, प्रतीक, रवि, चुलबुल, संतोष अग्रवाल, विकास, विनय अग्रवाल ने स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा कंसारी समाज के प्रमुखों का तिलक वंदन कर दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

# रसेला में गुलाबी ठंड की दस्तक, लोगों ने गरम कपड़े निकाले



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

क्षेत्र में गुलाबी ठंड का एहसास मानसून के खत्म होने के बाद उत्तर भारत में शुरू हो गया है, जिससे सुबह और शाम को हल्की ठंडक महसूस हो रही है। यह एक ऐसी स्थिति है जब तापमान में गिरावट आती है और हवा में नमी बढ़ जाती है, जिससे मौसम सुहावना हो जाता है। इसका नाम गुलाबी इसलिए है क्योंकि सुबह की पहली किरणें घास और पेड़ों पर गुलाबी रंग का एहसास कराती है। लोगों ने भी गरम कपड़े निकालना शुरू कर दिया है। इधर ठंड की दस्तक के साथ ही गरम कपड़े का बाजार भी सजने लगा है।

- मानसून के बाद शीतल हवा ने बनाया मौसम सुहावना

दिन में तेज धूप निकलने के बावजूद शाम की ठंडी हवा ठंड का एहसास कराती है, जिससे लोगों को बाहर निकलने में ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 9 नवंबर से ठंड में और भी वृद्धि होने की संभावना है। दिनभर धूप के बीच आसमान में बादलों के आने जाने का क्रम जारी है। फसल बचाने के प्रयास में लगे किसान सोमवार को धूप निकलने व मौसम साफ होते ही सबसे अधिक सुकून किसानों को मिली। वह सुबह ही अपने खेतों की तरफ निकल गए और बारिश व हवा से गिरी फसलों को बचाने के जुगाड में जुट गए।

**बदलते मौसम का दिख रहा असर :** रसेला सहित क्षेत्र में सुबह जब सूर्य की किरणें खेतों पर पड़ी तो गांवों में ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेसर की आवाज गूंजने लगी। इस बार लगातार बारिश होने के बाद अभी से इतनी ठंड शुरू हो गई जो पहले दीपावली के समय से शुरू होती थी। उतनी शरद पूर्णिमा के पर्व ही शुरू होने लगी। हालांकि इस ठंड का असर अभी सुबह और रात्रि में ही हो रहा है। दिन में तेज धूप व गर्मी बनी हुई है। इस बदलते मौसम का असर छोटे बच्चों सहित सभी को खासी और जुकाम के रूप में देखा जा रहा है।

# सहकारी बैंको के कर्मचारी आज रहेंगे सामूहिक अवकाश पर



हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ आंदोलन का तृतीय चरण में 06 नवंबर को रायपुर, बलौदा बाजार, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, सारंगढ़-बिलाईगढ के समस्त 73 शाखाओं में कर्मचारियों का सामुहिक अवकाश रहेंगे जिससे बैंकों में ताले लटके रहेंगे वहीं पर इस बैंक से संबंधित काम के लिए लोग आज भटकाव की स्थिति मे होंगे। अवगत हो कि कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन जारी है जिसके तहत समस्त कर्मचारी परिवार नोडल कार्यालय जिला मुख्यालय में अपने मांग को पुरा कराने कार्यालयीन समय 10.30 से संध्या 5.30 तक नारेबाजी हड़ताल आंदोलन करेंगे।

- वार्षिक वेतन वृद्धि की मांग को लेकर कर्मचारियों का तृतीय चरण का आंदोलन

कर्मचारी संघ अध्यक्ष के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने मिडिया को बयान जारी कर बताया कि 6 नवंबर को सभी बैंक शाखाएं बंद रहेगी जिसके लिए सहकारिता विभाग, पंजीयक कार्यालय जिम्मेदार है क्योंकि हमारी मांगों पर अड़ियल रवैया अपनाकर रखा था। ,हमने सरकार से वेतन वृद्धि मांग किया।,पुरी नहीं करने पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर गुहार लगाया जिसके एकल पीठ और युगल पीठ में कर्मचारियों की जीत हुई,।स्पष्टीकरण याचिका में भी जवाब तलब किया, 05 वर्षो का वेतन एरियर्स देने आदेश हुआ,उसके बावजूद हमें वेतन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारियों को वेतन वृद्धि से सरकार के खजाने या वित्त विभाग का कोई भार नहीं पड़ना है,अपने स्वयं के अर्जित लाभ से ही वेतन वृद्धि होना है तो रोक लगाना अनुचित है और मानवीय सरोकार के विपरित है,तत्काल सरकार के बड़े नेताओं को हस्तक्षेप करना चाहिए।

सहकारिता के जानकार लोगो ने हैरानी जाहिर करते हुए कहां कि आखिर सरकार के खजाने पर कोई भार नहीं पड़ना है तो क्यों सहकारिता विभाग पंजीयक कार्यालय अनावश्यक रोडा अटकाये हुए हैं,।बैंक कर्मचारी आंदोलन पर है और किसानो को समस्या हो रही है। धान खरीदी प्रभावित हो रही है।अमानत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तो संबंधित विभाग जिम्मेदार होगा।

# जिपं अध्यक्ष व एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का लिया जायजा

**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप एवं मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ के संबंध में जायजा लिया इस दौरान कई मरीजो से चर्चा किया तथा अस्पताल में एंबुलेंस के संबंध में जानकारी लिया। एंबुलेंस के लिए डीजल खर्च एवं वाहन चालक नही मिलने की जानकारी मिली है जिस पर जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री से इस समस्या को अवगत करा कर समस्या समाधान करने का आश्वासन जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिया है। वही कई ग्रामो में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन नही होने के साथ ही पर्याप्त कर्मचारी का अभाव बना हुआ है। इस मौके पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेन्द्र ध्रुव, गणेश सोनी, किशन लाल दीवान उपस्थित थे।



# निर्माणाधीन पुल के जल निकासी संकट को लेकर ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिकायत

**गरियाबंद।** ग्राम पंचायत मैनपुर कला के ग्रामीणों ने निर्माणाधीन उच्चस्तरीय पुल से जुड़ी जल निकासी की समस्या को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुल के पास से पानी निकासी की पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित किए बिना निर्माण कार्य को बंद न किया जाए, अन्यथा आसपास के किसानों की फसलों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

- बरसाती नाले के पास पुल निर्माण से फसलों को खतरा



ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि मेन्झूर कला मार्ग पर लगभग 491 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य जारी है। यह पुल ग्राम के खेतों से होकर गुजरने वाले बरसाती नाले के ऊपर बनाया जा रहा है। फिलहाल पुल से लगभग 300 मीटर दूर जल निकासी की नालियां बंद कर दी गई हैं, जिससे वर्षा जल खेतों में भरकर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा सकता है।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

ग्रामीणों के अनुसार, पास के खेतों में बिहारीलाल यादव की कृषि भूमि है, जिनकी सिंचाई इसी बरसाती पानी के प्रवाह पर निर्भर करती है। यदि पुल निर्माण के साथ जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो उनकी पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि पुल निर्माण एजेंसी द्वारा मिट्टी डालकर नाले की दिशा अवरुद्ध कर दी गई है, जिससे न केवल सिंचाई प्रभावित हो रही है बल्कि गांव के निचले हिस्सों में जलभराव की आशंका भी बढ़ गई है।

आवेदन में ग्रामीणों ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि स्थिति का स्थल निरीक्षण करवाकर निर्माण एजेंसी को जल निकासी मार्ग बंद न करने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही, किसानों की सुविधा और भविष्य में संभावित जलभराव को रोकने के लिए स्थायी नाली निर्माण की व्यवस्था की जाए।

# नाती के जन्मोत्सव पर न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्राथमिक विद्यालय एंव माध्यमिक विद्यालय देवरी में न्यौता भोजन, प्राशा. व माशा देवरी में प्रा.पाठक भारत लाल साहू द्वारा अपने नाती जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भगवानी ठाकुर सरपंच तोरण बाई, दिलीप ठाकुर, चिन्ता राम दीवान, संकुल प्राचार्य सिवनी हायर सेकेंडरी से प्राचार्य ज्योसना दास व स्टाफ से शिक्षक डीके साहू, डीके सिन्हा, चन्द्रकला, एकता मेडम, खरखरा से ममता राजपूत, कोमल ध्रुव, प्रा. किशन धितेश संस्था से नर्मदा मेडम, निर्मला ठाकुर, माध्यमिक विद्यालय देवरी सभी शिक्षक फगेश सिंह कंवर, ललित कुमार वर्मा, बिरझु राम बंजारे, संकुल समन्वयक तिलक राम ढीढी, ग्राम देवरी के विधायक प्रतिनिधी धनेश साहू व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स समाज का मासिक बैठक 8 को

**छुईहा बेलर।** छ ग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम का मासिक बैठक 8 नवम्बर को पेंशनर्स भवन राजिम में 1 बजे रखा गया है। पेंशनर समाज सदस्य एच आर निर्मलकर गनियारी कहा कि बैठक राजिम में 8 नवंबर को रखा गया है। जहां वरिष्ठता का गमछा, श्री फल एवं बधाई पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष बैसाखूराम साहू सहित पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहेंगे ।

### अटल जी के सपनों को साकार कर रही है भाजपा सरकार : योगेश

**मैनपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं



पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और इसे संवारने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। पिछले 25 वर्शो में छत्तीसगढ़ विकास की उंचाईयो को छुआ है। श्री शर्मा ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी ने जिन आंकाक्षाओ को संजोकर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया उन आंकाक्षाओ और उनके सपनो को पूरा करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है ताकि अंतिम पंक्ति अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति पूरी तरह विकास की मुख्य धारा से जुड़ाव अनुभवन करे।

### गरियाबंद में होगी सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा

**गरियाबंद।** नगर में भक्ति और



अध्यात्म का माहौल एक बार फिर गूंजने वाला है। आगामी 22 नवंबर से 29 नवंबर 2025 तक गरियाबंद के गांधी मैदान में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस दिव्य आयोजन में परम पूज्य दीदी पंडित पलक नरेश दुबे जी अपने मुखारबिंद से भगवान भोलेनाथ की अद्भुत महिमा, शिवभक्ति का रहस्य और जीवन के गूढ़ दर्शन का संगीतमय वर्णन करेंगी। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक रखा गया है। कथा स्थल पर श्रद्धालु भक्ति, संगीत और भावविभोर कर देने वाले भजनों का रसपान कर सकेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि कथा के अंतिम दिवस 29 नवंबर को पार्थिव शिवलिंग पूजन, भव्य रुद्राभिषेक और विशाल भंडारा का आयोजन होगा। श्री शिव शक्ति महिला परिवार एवं समस्त नगरवासी गरियाबंद के तत्वावधान में आयोजित इस सात दिवसीय कथा का उद्देश्य समाज में शिवभक्ति, शांति और सद्भाव का संदेश देना है।

### स्वागत द्वार की उपेक्षा



**अभनपुर।** मुंडरा गांव का उपेक्षित है स्वागत द्वार। हजारों रुपये से निर्मित ढांचा जिसपर न पहचान और न संदेश है।

# पंचकोशी धाम कोपरा में कार्तिक पुन्नी मेले का भव्य आयोजन, महा गंगाआरती ने मोहा मन

**कोपरा।** पंचकोशी धाम नगरी कोपरा में पारंपरिक आस्था और श्रद्धा का पर्व कार्तिक पुन्नी मेला बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान कोपेश्वर महादेव के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। मेले के अवसर पर नगर में विभिन्न प्रकार की दुकानों की सजीव झलक देखने को मिली। ग्रामीण अंचलों से आए श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की और मेले के वातावरण का आनंद उठाया।

मेले की मुख्य आकर्षण रही महा गंगा आरती, जो नगर के ऐतिहासिक दलदली तालाब के तट पर मंदिर समिति एवं युवा विकास समिति के तत्वाधान में संपन्न हुई। आरती के दौरान चारों ओर /"हर हर महादेव/" के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के सुपुत्र कथावाचक राघव मिश्रा विशेष रूप से







उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

**ये रहे उपस्थित :** गंगा आरती का संचालन नगर पुरोहित मेघानंद शुक्ला की उपस्थिति में राजिम से आए पंडित धीरेन्द्र शर्मा की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंदिर समिति पुजारी दिलीप शर्मा, अध्यक्ष मन्नालाल ठाकुर, ओंकार सिंह, देवदास, केजुराम साहू, चन्द्र भूषण साहू, सियाराम साहू और छबि साहू सहित अनेक श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे। इस धार्मिक आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष रूप नारायण साहू, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णा सेन गोरेलाल सिन्हा, पत्रकार नोगेश्वर साहू, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कोपरा तथा वरिष्ठ नागरिक अवध राम सिन्हा, युवा विकास समिति सदस्य गौरव ठाकुर, शेखर चक्रधारी, बिट्टू शुक्ला, राजा सोनी, अज्जू ठाकुर, वेदप्रकाश सिन्हा, वासु ध्रुव, ख़ुमेश निषाद, प्रीत साहू, कृष्णा शर्मा, देव साहू की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। भक्ति और आस्था से ओतप्रोत इस आयोजन ने कोपरा की पंचकोशी नगरी को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।

### राजिम में सिंध समाज ने धूमधाम से मनाई गुरु नानक जयंती

# श्री गुरूनानक देव जयंती के उपलक्ष्य में निकली विशाल शोभायात्रा, शहर में जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सिंध समाज द्वारा श्री गुरु नानक देव जी जयंती के अवसर पर गुरुनानक दरबार गंज रोड में अनेक आयोजन संपन्न हुए। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने बताया कि विगत 7 दिनों से निकाली जा रही प्रभात फेरी अंतिम दिवस में प्रभात फेरी राजिम सिंध समाज की धर्मशाला पहुंची जहां राजिम सिंध पंचायत द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही ब्रह्मकुमारी आश्रम में भी प्रभात फेरी का स्वागत सम्मान किया गया।

बताया कि गुरुद्वारा में सुबह 10:30 बजे अखंड पाठ का भोग साहब संपन्न हुआ तत्पश्चात भजन कीर्तन एवं पल्लव अरदास आरती कर समाज के लोगों ने श्री गुरुनानक देव जी का आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे लंगर प्रारंभ हुआ जो शाम 4:00 बजे तक अनवरत चलता रहा। लंगर की सेवा में प्रमुख रूप से भूषण मेघवानी, शालू ईशानी, नीरज साधवानी, प्रवेश राजपाल, अमन चावला, यूथ विंग के अध्यक्ष लकी मेघवानी सहित उनकी टीम एवं महिला विंग द्वारा सेवा दी गई। शाम 5 बजे रथ पर सवार होकर श्री गुरुनानक देव जी की प्रतिमा एवं गुरु ग्रंथ साहब एक गाड़ी में सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के सामने प्रथम पंक्ति में ढोल नगाड़े बज रहे थे उनके पीछे पंच प्यारे चल रहे थे। पांच प्यारो के





पीछे गुरु ग्रंथ साहब की सवारी गाड़ी एवं उनके पीछे सिंध समाज एवं सिख समाज के लोग भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। जो पंजवानी चौक, नेहरू घाट, सदर रोड, कुम्हार पारा, सुभाष चौक, बस स्टैंड होते हुए गंज रोड से वापस गुरुद्वारा पहुंची। जहां पर पल्लव और अरदास कर एवं रात्रि लंगर में भोजन कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### बाजे-गाजे के साथ निकली विशाल शोभायात्रा

श्री गुरूनानक देव जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार की शाम गंज रोड स्थित सिंधी गुरूद्वारा से श्री गुरूग्रंथ साहेब की विशाल शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकली। इस शोभायात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। आगे-आगे पंच यारे चल रहे थे और इसी के साथ सिंध और सिक्ख समाज के लोग भजन-कीर्तन करते आगे बढ़ रहे थे। रास्ते भर शहरवासियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। जमकर आतिशबाजी की गई। पूरा गंज रोड लाइट के झालरो से सुसज्जित था। कई समाज के लोगों ने जलपान की व्यवस्था कर रखी थी।

### ये हुए शामिल

शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष सुंदर दास पंजवानी, आसनदास सेवानी, नंदलाल सायरानी, किशन राजपाल, प्रतापराय छाबड़ा, प्रेम नागवानी, अशोक नागवानी, ईश्वर जगवानी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, गोविंद राजपाल, सुरेश नागवानी, ईश्वर जगवानी, प्रकाश सचदेव, नानक मूलचंदानी, करतार ऑयलसिंघानी, आलोक अठवानी, पार्षद सचिन सचदेव, जितेंद्र मध्यानी, जवाहर जीवनानी, कोमल गुनानी, भगवान दास सुंदरानी, किशोर नागवानी, हीरानंद नरवानी, प्रकाश सिंह, आई सिंघानी, मंथन मध्यानी, अमन चावला, प्रवेश राजपाल, गोविंद इसरानी, सुदामा राम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।



# कार्तिक पूर्णिमा पर पैरी उद्गम में लगा भीड़, श्रद्धालुओ ने किया पवित्र स्नान

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित पूरे क्षेत्र में आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम में सुबह से श्रद्धालुओ की भीड़ लगी रही और पैरी के नीचे शिवमंदिर तालाब में आस्था की डुबकी लगाई और सुख शांति समृद्धि की कामना किया।

वहीं क्षेत्र के नदी नालो तालाबो में सुबह से कार्तिक पूर्णिमा पर भीड़ देखी गई। इस दौरान द्वीप दान किया गया तो वही दूसरी ओर पैरी उद्गम भाठीगढ़ सहित क्षेत्र के कई पर्यटन स्थल में आज जगह जगह आंवला वृक्ष के नीचे पकवान बनाकर पूजा अर्चना किया और पिकनिक भी मनाई गई। छोटे छोटे बच्चे तथा बड़े बुजुर्ग सभी परिवार साथ पहुंचे थे।



### सिकासार, सोंढुर, देवधारा में लगी भीड़

मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल सिकासार जलाशय, सोंढुर एवं देवधारा में आज दूर –दूर से पर्यटक पहुंचे हुए थे भारी भीड़ में लोग जगह –जगह परिवार साथ भोजन बनाकर परिवार साथ सामुहिक रूप से भोजन करते नजर आये पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा स्कूली बच्चे भी बड़ी संख्या में पैरी उद्गम भाठीगढ़ पहुंचे हुए थे।

### भजन-कीर्तन और विशाल लंगर में उमड़ा श्रद्धा का सागर

# गुरुनानक सामुदायिक भवन में हुआ भक्ति, एकता और सेवा का संगम

**छुरा।** ग्राम मोंगरा में बंजारा समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव जी की जयंती (गुरुपर्व) बड़े ही श्रद्धाभाव, उत्साह और एकता के साथ मनाई गई। समाज के सभी वर्गों के लोग एकत्र होकर गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

गुरुपर्व का मुख्य आयोजन गुरुनानक सामुदायिक भवन, मोंगरा में किया गया। सुबह से ही समाज के लोग पारंपरिक परिधान में पहुंचने लगे। स्थल को पुष्प-सज्जा तथा रंगोली से आकर्षक रूप प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन समाज के प्रमुख पदाधिकारियों — जिला परिक्षेत्र अध्यक्ष हरिराम नायक, कार्यकारिणी अध्यक्ष तुलसीराम राठौर,तथा रामचंद्र नायक, परसूराम नायक, दशोराम नायक, किशन नायक, कृष्णकुमार नायक, बालचंद नायक, रामसंग नायक, रामसिंग नायक एवं भागीरथी नायक के मार्गदर्शन में हुआ।



### पूजा-अर्चना एवं कीर्तन

सर्वप्रथम पवित्र गुरुग्रंथ साहिब का पाठ एवं अरदास की गई।समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने गुरु नानक देव जी के जीवन, त्याग, सेवा और मानवता पर आधारित विचारों पर प्रकाश डाला।महिलाओं एवं युवतियों द्वारा भजन-कीर्तन की मनभावन प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गुरु नानक देव जी का संदेश —

"नाम जपो, किरत करो और वंड छको" (ईश्वर का नाम लो, ईमानदारी से मेहनत करो और बांटकर खाओ) विशाल लंगर ने बढ़ाई सामाजिक एकता कार्यक्रम के अंत में सामूहिक लंगर (भोजन प्रसाद) का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। लंगर की व्यवस्था समाज के युवाओं और महिलाओं ने सामूहिक रूप से संभाली, जिसने समाज की एकता और सेवा भाव को प्रकट किया।

### समाज को दिया एकजुटता का संदेश

इस अवसर पर रामचंद्र नायक एवं रूपसिंह नायक ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने लोगों को सत्य, करुणा, परिश्रम, सरलता और प्रेम का मार्ग दिखाया। हमें उनके पदचिह्नों पर चलते हुए समाज में भाईचारा, शांति और सेवा भाव को बढ़ाना चाहिए।

### आस्था, संस्कृति और एकता का सुंदर संगम

गुरुपर्व का यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक उत्सव तक सीमित रहा, बल्कि इसने बंजारा समाज की सांस्कृतिक धरोहर, एकता और सामाजिक समरसता को भी एक बार फिर उजागर किया। कार्यक्रम सफल, गरिमामय और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# पंचकोशी धाम कोपरा में कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धा का सागर

**कोपरा।** पंचकोशीधाम की पावन नगरी कोपरा में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातः काल से ही भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पैरी नदी के तट पर स्नान, पूजा-अर्चना और दीपदान का दृश्य अत्यंत मनमोहक रहा।

बुधवार को भोर होते ही श्रद्धालु परिवार सहित पैरी नदी पहुंचे और पवित्र स्नान के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। भक्तों ने नदी किनारे रेत पर शिवलिंग बनाकर विशेष पूजा-अर्चना की और दीपदान करते हुए अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। पैरी नदी के किनारे "हर हर महादेव" और "जय कोपेश्वर नाथ" के जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण गूंज उठा। सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालुओं की भीड़ नदी में उमड़ पड़ी। कई श्रद्धालु दूर-दूर के गांवों से पैदल चलकर कोपरा पहुंचे।

**अक्षय पुण्य की होती है प्राप्तिः शुक्ला :** नगर पुरोहित मेघानंद शुक्ला ने बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा पर पवित्र नदी में स्नान करने की परंपरा सदियों पुरानी है। इस दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करने से पापों का क्षय होता है और मनुष्य को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव के पूर्व पुजारी एवं कथा वाचक हालदार हलधर नाथ गोस्वामी ने बताया कि कार्तिक मास आत्मशुद्धि का प्रतीक महीना है। पूरे माह उपवास, ध्यान और भक्ति से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और



समृद्धि आती है।

**आत्मिक शांति, सुख और समृद्धि का प्रतीक पर्व :** कोपरा के पंचकोशी धाम स्थित भगवान कोपेश्वर नाथ मंदिर में दिनभर दर्शन, आरती और भजन संध्या का क्रम चलता रहा। मंदिर परिसर में गूंजते भजनों और दीपों की लौ से संपूर्ण धाम दिव्य आलोक में नहाया हुआ प्रतीत हो रहा था। इस पवित्र अवसर पर श्रद्धालुओं ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा आत्मिक शांति, सुख और समृद्धि का प्रतीक पर्व है। कोपरा के पावन तट पर इसकी अनुभूति हर वर्ष दिव्यता के साथ जीवंत हो उठती है।

### देवउठनी पर्व पर सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा हरदीभाठा

# स्वरांजलि के कलाकारों ने लोक परंपरा संगीत व कला जीवंतता को महसूस कराया : जनक ध्रुव

**मैनपुर।** मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा में आज श्रीराम सेना हिन्दु संगठन एवं समस्त ग्रामवासियो द्वारा देवउठनी के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोककला मंच स्वरांजली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने पूजा अर्चना व द्वीप प्रज्जवलन कर किया इस दौरान ग्रामवासियो द्वारा विधायक जनक ध्रुव का जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा सांस्कृतिक




कार्यक्रम से मन में उत्साह भरता है इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से गांव में खुशिया देखने को मिलता है। विधायक जनक ध्रुव ने ग्रामीणों की मांग पर हरदीभाठा में सीसी रोड़ निर्माण करने की घोशणा किया है। श्री ध्रुव ने कहा हमारी लोक परंपराओ संगीत और कला की जीवंतता को महसूस किया लोक संस्कृति के इन स्वरांजली क्षणो ने यह वि"वास और गहरा किया जब तक हमारे गीत नृत्य और परंपराये जीवित है तब तक हमारी सभ्यता अमर है।

### ये रहे उपस्थित

हरदीभाठा में यह लोककला का कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति नृत्य गीत संगीत ने रात 4 बजे तक दर्शको को बांधे रखा और लोगो ने जमकर पुरस्कार भी दिये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, पंडित नंदकिशोर चौबे, भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शर्मा, हरिशचंद नेगी, जनपद सदस्य जामुन बाई नेगी, हरदीभाठा सरपंच मालती कोर्राम, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, भाठीगढ़ सरपंच पुष्पा नेगी, महिला मंडल सचिव बबिता निर्मलकर, बाल मंडली संरक्षक लालाराम पटेल, रामसाय निर्मलकर, राजकुमार सोनवानी, लोचन साहू, रमेश ध्रुव, यातीराम पटेल, लोचन निर्मलकर एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।




